# हरिभूमि जींद-कैथल भूमि

तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026


12 गेहूं खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए अब गेट पर नहीं...




11 सीपीएलओ की समस्याओं को लेकर पूंडरी में गरजे...




शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...
SD GROUP OF INSTITUTIONS

- ACADEMIC
- SPORTS
- CULTURAL
- INNOVATION
- COMPETITIVE EXAMS. (NEET, IIT, NDA+SSB), CUET, CLAT, CA/CS

एस. डी. ग्रुप सर्वोच्च स्तर की ओर...

Where Dreams Become Reality

सर्वांगीण विकास का केन्द्र है आपका एस. डी. ग्रुप

SDians believe in results not in words...

Class Room Students

NEET AIIMS

PRACHI — 715/720 — AIR 4 CAT.(EWS)
D/O SH. MUKESH KUMAR
कनीना

RONAK YADAV — 710/720
D/O SH. RAJPAL SINGH YADAV
ककराला

PRAKI — 619/720 — AIR 30 CAT.(EWS)
D/O SH. AJAY
कनीना

NDA

SELECTED: NDA 155 (AIR FORCE)
UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT NDA PUNE, MAHARASHTRA
JATIN SHARMA
S/O SH. KRISHAN KUMAR
भड़फ

SELECTED: NDA 155 (ARMY)
UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT MILITARY COLLEGE, MCTE MHOW (MP)
CHHAVIKANT
S/O SH. MANOJ KUMAR
करीरा

SELECTED: NDA 155 (NAVY)
UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT INDIAN NAVAL ACADEMY KERALA
KASHISH YADAV
D/O SH. SANJAY KUMAR
रामबास

SCHOOL+COACHING

JEE Mains 2026
Result-Session 1

JATIN KAUSHIK — 99.49 %ile
S/o Sh. Harish
Roll No. DL 010802205

KUNAL YADAV — 99.04 %ile
S/o Sh. Rajkumar
Roll No. DR 030401675

HARSH YADAV — 97.62 %ile
S/o Sh. Satyavir
Roll No. DL 010101157

CA Foundation Qualifiers

SONAM
D/o Sh. Sanjay
Roll No. 493923

KHUSHI GUPTA
D/o Sh. Rajender Prasad
Roll No. 456133

HIMANSHI
D/o Sh. Dinesh Kr.
Roll No. 958067

SOURBH
S/o Sh. Dharmbir
Roll No. 695581

DHEERAJ
S/o Sh. Surender Singh
Roll No. 465381

YATIN AGGARWAL
S/o Sh. Bishan Dayal
Roll No. 958017

एस. डी. ग्रुप 360° व्यू पर काम करता है।

Admission Open for Nursery to IX & XI
SESSION 2026-27
Admission on the Basis of Test
Limited Seats
Admission Test Schedule
Monday To Saturday : 9:00AM TO 3:00PM, Sunday : 10:00 AM TO 2:00 PM
उचित फीस में उत्तम शिक्षा

आपके सहयोग व विद्यालय के प्रयासों का सम्मान।


Awarded By
SH. NITIN GADKARI
Minister of Transport
Govt. of India


Awarded By
SH. JYOTIRDITYA SCINDIA
Minister of Communication
Govt. of India


Awarded By
SMT. ANUPRIYA PATEL
Minister of State for Health and Family Welfare Govt. of India
SH. S. P. SINGH BAGHEL
Minister of State of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying Govt. of India


Awarded By
SH. NAYAB SINGH SAINI
Chief Minister
Govt. of Haryana


Awarded With
HONORARY DOCTORATE AWARD (D.Litt.)
By
The University of Central America


Awarded By
PROF. (DR.) TANKESHWAR KUMAR
Vice Chancellor
Central University of Haryana


Do not just show dreams. Let your child have the opportunity of realizing the same




5th Mile Stone, Kanina-kapoori Road Kakrala, Distt.-Mahendergarh (Hr.) | sdskakrala.edu.in, sdschool2007@gmail.com

7056791004 | 7056791005
AC & NON AC HOSTEL FACILITY IS AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS

एस.डी. ग्रुप अपने विज्ञापनों में पूर्ण सत्यता दर्शाता है।


DR. SHIPRA SARSWAT
PRINCIPAL
Ph. 7056791006

# छुट्टी के बाद भी एक गैस सिलेंडर के लिए सात घंटे का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं होने की बात जिला प्रशासन द्वारा लगातार कही जा रही है लेकिन गैस सिलेंडरों को लेकर हर दिन एर्जेंसियों के सामने लग रही लंबी-लंबी लाइनें हकीकत कुछ और ही बयां कर रही हैं। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने प्रशासन से सवाल किया है कि जब उनके पास वर्तमान में नौ-नौ हजार गैस सिलेंडरों का स्टॉक है तो फिर क्यों बेवजह 200-200, 300-300 लोगों को सात से आठ घंटे लंबी लाइनों में खडे करवा कर परेशान किया जा रहा है। जब प्रशासन के पास इतने सिलेंडरों का स्टॉक है तो क्यों सिलेंडरों की होम डिलीवरी बंद कर दी गई है।

**खास बातें**

- प्रशासन के पास वर्तमान में नौ हजार सिलेंडरों का स्टॉक तो फिर क्यों लाइनें
- गोदामों से 24 घंटे सिलेंडर उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करवाई जाए

## 24 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन 5976 उपभोक्ताओं को मिल रहे गैस सिलेंडर : राजेश आर्य

### लाइन सिस्टम को तुरंत खत्म किया जाए



राजकुमार गोयल ने प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में इमरजेंसी सेवाएं प्रशासन द्वारा शुरू की जानी चाहिए। जिसके तहत अतिरिक्त कर्मियों की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए। मौजूदा लाइन सिस्टम को तुरंत खत्म किया जाना चाहिए। गोदामों से 24 घंटे गैस वितरण व्यवस्था लागू करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। राशन डिपो व अन्य स्थानों पर जगह-जगह गैस वितरण की व्यवस्था की जानी चाहिए। गोदामों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की शिफ्ट लगाई जानी चाहिए। पर्ची लेकर आने वाले हर व्यक्ति को तुरंत सिलेंडर दिया जाना चाहिए। जिन लोगों ने ऑनलाइन बुकिंग करवाई है उनके घर तक भी समय पर होम डिलीवरी भेजना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। गोयल का कहना है कि यदि वितरण व्यवस्था को विकेन्द्रित कर दिया जाए और अलग-अलग स्थानों पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं तो भीड़ और मारामारी की स्थिति काफी हद तक खत्म हो सकती है। गोयल ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा जब स्टॉक पूरा है तो फिर लोगों को परेशान क्यों किया जा रहा है। जरूरत है एक मजबूत और पारदर्शी सिस्टम की ताकि आम जनता को राहत मिल सके।




जींद। रविवार को छुट्टी के बावजूद गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में लगे उपभोक्ता।

### 24 एजेंसियों से प्रतिदिन 5976 उपभोक्ताओं को मिल रहे गैस सिलेंडर

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जींद में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। जिले की 24 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 5976 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्तमान में गैस कंपनियों के पास लगभग 9195 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जो मांग से अधिक है। जिले के 178 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। अब तक ईंधन से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि विवाह या अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए गैस सिलेंडर की आवश्यकता होने पर कम से कम 10 दिन पहले आवेदन करें ताकि समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## सिलेंडर को लेकर अफवाह पर न दें ध्यान : बलकार

**उचाना।** इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर जगह-जगह लाइनें लग रही हो लेकिन उचाना में इन दिनों नरवाना बाइपास स्थित गैस एजेंसी पर दोपहर बाद गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लाइन नजर नहीं आई। यहां पर सुबह के समय जरूर लाइन लगी नजर आती है। दोपहर बाद दो दिनों से लाइनें नजर नहीं आ रही है। यहां पर किसी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर कार्यालय के अंदर चार कंप्यूटर लगाए गए है। काफी दिनों के बाद एजेंसी के बाहर ऐसा नजारा दिखाई दिया कि दोपहर बाद कोई उपभोक्ता लाइन में लगा नजर नहीं आ रहा था। गैस एजेंसी मालिक बलकार ने कहा कि गैस सिलेंडर की किसी तरह की कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### भट्ठा संचालकों और व्यापारियों की बैठक

**जींद।** जुलाना कस्बे के ओम भट्ठे पर प्रदेश के भट्ठा संचालकों और व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक भट्ठा संचालक से दो करोड़ की रंगदारी मांगने के विरोध में की गई। बैठक की अध्यक्षता भट्ठा एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सतपाल ने की। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए सतपाल ने कहा कि कस्बे के जींद-रोहतक मार्ग पर स्थित ओम भट्ठे के संचालक से दो करोड़ रुपये की चौथ मांगी गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है।

### पेट्रोल-डीजल पर शुल्क में कटौती का स्वागत

**उचाना।** भाजपा वरिष्ठ नेता योगेश कसूहन ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई कटौती का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रहित एवं जनकल्याण की दिशा में एक बताया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पश्चिम एशिया में उत्पन्न जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे विश्व की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण दौर में भारत सरकार द्वारा आमजन के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को 13 से घटाकर 3 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल पर 10 रुपए से शून्य करना अत्यंत सराहनीय एवं राहतकारी कदम है।

### वॉलीबॉल लीग में उचाना खुर्द बना चैंपियन

**उचाना।** उचाना खुर्द में खेलो इंडिया महिला अस्मिता वालीबॉल लीग का आयोजन हुआ। लीग प्रतियोगिता में 14 टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियन आर्य अकादमी उचाना खुर्द की टीम बनी। द्वितीय स्थान पर काकड़ोद की टीम रही। तीसरा स्थान ललित खेड़ा की टीम ने हासिल किया। मुख्य अतिथि के रूप में इंटरनेशनल खिलाड़ी विनोद खटकड़ ने शिरकत की। अध्यक्षता जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन जींद के महासचिव अमित मलिक ने की। निर्णायक की भूमिका अंजली, ज्योति और सोनिया ने निभाई।

### रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य : गंगवा

**नरवाना।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा शक्ति को अपने जीवन में मानवता की भलाई के कार्य करना चाहिए। नर सेवा नारायण सेवा के मूल पर प्रत्येक युवा को अपने जीवन का उद्देश्य बना कर मानव सेवा को सर्वोपरि स्थान देना चाहिए। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा रविवार को एसडी महिला कॉलेज में माया देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में लगाए रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स भी मौजूद रहे। उन्होंने

### कबड्डी के लिए कैंप में पसीना बहा रहे खिलाड़ी

**उचाना।** शहर के 40 फुटा रोड पर स्थित बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी में 11 अप्रैल से लड़के, लड़कियों की सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप आयोजित होगी। चैंपियनशिप को लेकर लड़के, लड़कियों की टीम हरियाणा के चयन को लेकर यहां पर 27 मार्च से कैंप चल रहा है। कैंप में 20 लड़कियां, 14 लड़के विभिन्न जिलों से पहुंचे है।

### व्यापारियों ने की कैबिनेट मंत्री से मुलाकात

**नरवाना।** कोर्ट रोड नरवाना के सभी व्यापारी कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से मिले। एस डी कन्या महाविद्यालय कोर्ट रोड पर आज अपोलो चौक कोर्ट रोड के सभी व्यापारी कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से शनिवार को दिए गए नगर परिषद द्वारा नोटिस के संबंध में मिले।

### आज सम्मानित होंगे एसडीएम दलजीत सिंह

**उचाना।** उचाना में करीब 10 महीने तक एसडीएम के पद पर कार्यरत रहे दलजीत सिंह का दबादला करनाल होने के बाद उचाना सेवा ग्रुप द्वारा 30 मार्च को पीडब्ल्यूडी विश्राम में उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उन्हें बेस्ट ऑफिसर के अॅवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

## जागरण में कन्या भ्रूण हत्या न करने व बेटी को पढ़ाने की दिलाई शपथ

# मां भवगती जागरण में भक्तों ने माता रानी का किया गुणगान

*...तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए, मैं आयां, मैं आया ज्योतावालिए जैसे सुंदर भजनों पर जमकर झूमे भक्त*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

बेटी बचाने का करो इरादा, अभी से दो हमें यह वादा के उद्देश्य को लेकर पटियाला चौंक जागरण ग्राऊंड पर शहीदे आजम युवा क्लब द्वारा 40वां मां भवगती जागरण आयोजित किया गया। जागरण में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, राजन चिल्लाना सहित अनेक गणमान्यों ने शिरकत की और श्रद्धालुओं को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई। जागरण में श्रद्धालुओं को संकल्प भी दिलाया गया कि वो बेटियों को खूब पढ़ाएंगे और बेटा और बेटी में कभी भी कोई फर्क नहीं समझेंगे। बाकायदा डिप्टी स्पीकर ने मंच से मां भगवती की महिमा का गुणगान भी किया और कन्या महत्ता व नशे के दुष्प्रभाव को कहानी के माध्यम से उजागर भी किया। जागरण की शुरूआत विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने मां भगवती की ज्योत प्रज्वलित कर के की। इसके बाद एक-एक कर कलाकारों ने मां की महिमा का गुणगान करते हुए भेंटे सुनाई। जागरण में हेमंत बृजवासी, नरेश भजनी ने मां का गुणगान किया। कलाकारों ने तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए, मैं आया, मैं आया ज्योतावालिए, चलो बुलाया आया है, माता रानी ने बुलाया है, ओ मेरी रूठ गई कालका मनाऊं कैसे, जय-जय मां तेरी जय-जय मां, हमें दो दर्शन इक बार भेंटें सुना कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं कलाकारों ने एक छोटा सा वानर हट कर गयो गीत पर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान कलाकारों ने भी झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को नाचने पर विवश कर दिया। शहीदे आजम युवा क्लब के प्रधान गुलशन सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित सिंधवानी, नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला द्वारा जागरण के बीच-बीच में मौजूद श्रद्धालुओं को कन्या की महत्ता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूक किया जाता रहा। जागरण में भेंटों का सिलसिला सुबह तक जारी रहा।



जींद। जागरण में सजा मां का दरबार। *फोटो: हरिभूमि*



जींद। जागरण में कथा सुनाते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। *फोटो: हरिभूमि*

### डिप्टी स्पीकर ने जागरण में की शिरकत

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने मां का गुणमान किया। वहीं कथा के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव पर कटाक्ष किया और कहा कि एक कुम्हार चिलम बनाता है, खूब बिकेगी। उसकी घरवाली कहती है कि चिलम बनाएगा तो बिकेगी बहुत लेकिन अगर आप सुराही बनाओगे तो वो भी बिकेगी। कुम्हार ने उसी मिट्टी को दोबारा मथ दिया और सुराही का आकार देने लगा तो मिट्टी कहने लगी कि यह क्या कर रहे हो। उसने कहा कि उसका विचार बदल गया है। वह पहले चिलम बनाना चाहता था। अब मन आया कि सुराही बना दूं। मिट्टी ने कहा कि तेरा तो विचार बदल गया, मेरा जीवन बदल गया। चिलम बनती तो खुद भी जलती और लोगों को भी जलाती।

### कन्या के वर्चस्व को बचाना होगा : सलूजा

शहीदे आजम युवा क्लब के प्रधान गुलशन सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित सिंधवानी, सुभाष चंद्र अनेजा ने कहा कि क्लब द्वारा हर वर्ष भगवती जागरण आयोजित किया जाता है। हर बार की तरह अबकी बार भी जागरण में हजारों की संख्या में पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़ को कन्या भ्रूण हत्या न करने तथा कन्याओं को अधिक से अधिक पढ़ाई करवाने का जो संकल्प लिया है, उसने कन्याओं की महत्ता को उजागर किया है। जिस कन्या को हम मां के तौर पर पूजते हैं अगर उसी कन्या को हम गर्भ में मरवाते रहेंगें तो एक दिन ऐसा आएगा जब इस सृष्टि से कन्या का वर्चस्व ही खत्म हो जाएगा। ऐसे में अगर अभी से लोगों की सोच को नहीं बदला गया तो प्रदेश के अलावा देश के लिए कन्या भ्रूण हत्या एक विकट समस्या बन जाएगी। इसीलिए हमें कन्या के वर्चस्व को हर हाल में बचाना होगा। जागरण में कपिल सिंधवानी, अमित, मा. श्याम, दिनेश कुमार, दिनेश, गुलशन, विवेक कुमार, राजेश कुमार, हरीश कुमार, सोनू तनेजा, प्रवीण ने अपना सहयोग दिया।



जींद। जाट धर्मशाला में आयोजित मीटिंग में मौजदू एसोसिएशन सदस्य।

## एक माह के वेतनमान की व्यवस्था जारी रखे सरकार

- रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जाट धर्मशाला में रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन की मासिक बैठक वरिष्ठ उप प्रधान खजान सिंह खटकड़ की अध्यक्षता में हुई। इसका एजेंडा महासचिव कुलदीप सिंह गोयत ने पेश किया। मीटिंग में सर्वप्रथम हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों व पेंशनर्स के लिए एलटीसी के बारे में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके बारे में हरियाणा मानव संसाधन विभाग द्वारा 13 मार्च को एक आदेश जारी किया गया। इसमें वर्तमान में एलटीसी सुविधा के रूप में जो एक मास की सैलरी का भुगतान किया जाता था को 31 दिसंबर 2027 तक ही लागू रखा जाएगा। इसके बाद एक जनवरी 2028 से व्यवस्था बंद की जाएगी और भविष्य में जो कर्मचारी या पेंशनर वास्तव में किसी होम टाउन या भारत में किसी स्थल पर यात्रा पर जाएंगे, उन्हीं को नियमानुसार एलटीसी सुविधा का लाभ दिया जाएगा और वर्तमान में जो एलटीसी के बदले एक माह की सैलरी लेने की सुविधा आगामी एक जनवरी 2028 से समाप्त हो जाएगी।

### ये हैं मांगें

सभी वक्ताओं ने सरकार के इस निर्णय का विरोध जताया और सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सरकार से मांग की गई कि सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए वर्तमान व्यवस्था को ही जिसमें एलटीसी के रूप में एक माह के वेतनमान की व्यवस्था है को ही जारी रखा जाए। इसके अलावा मीटिंग में सीनियर सिटीजन को बस किराए में जो 50 प्रतिशत की छूट का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया है कि समिति की बसों में यह छूट लागू नहीं दी जा रही, जिससे उनको भारी परेशानी और दुव्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। 65, 70 व 75 वर्ष की आयु उपरांत बेसिक पेंशन में क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत की वृद्धि करना, मेडिकल भत्ता 1000 मासिक से बढ़ा कर तीन हजार मासिक करना, फैमिली पेंशनर्स को एलटीसी सुविधा देना, न्यायालयों द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों के हक में दिए गए फैसलों का सामान्यीकरण करते हुए उन्हें सभी पर लागू करना आदि मुख्य मांगे हैं जिनकी सरकार से शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। इस अवसर पर मियासिंह खटकड़, रामचंद्र शर्मा, शमशेर सिंह ढांडा, दलबीर सिंह रेढू, जयदेव शर्मा रहे।

## हैप्पीनेस कोर्स का हुआ समापन

- शिविर में साधकों ने किया सुदर्शन क्रिया का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

इंडस स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में आयोजित हैप्पीनेस कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कोर्स में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक संतुलन के महत्व को समझा। कोर्स के दौरान विशेष रूप से सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया। जो कि तनाव प्रबंधन और आंतरिक शांति प्राप्त करने की एक प्रभावशाली तकनीक मानी जाती है। इस कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक नरेश जागलान मनोवैज्ञानिक द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को सरल और व्यावहारिक तरीकों के माध्यम से जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति बनाए रखना एक बड़ी चुनौती हए और ऐसे में सुदर्शन क्रिया जैसी तकनीकें व्यक्ति को अंदर से मजबूत बनाती हैं। कोर्स के दौरान प्रतिभागियों को श्वास तकनीकों, ध्यान, योग और जीवन जीने की कला से जुड़े महत्वपूर्ण सिद्धांतों से परिचित कराया गया। नरेश जागलान ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि नियमित अभ्यास से व्यक्ति न केवल तनाव से मुक्त हो सकता है बल्कि उसकी कार्यक्षमताए एकाग्रता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।



जींद। हैप्पीनेस कार्यक्रम के समापन पर मौजूद प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

### सेव ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने झांज गेट से भारत सिनेमा रोड, पुराना बस स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी एरिया तक स्वच्छता अभियान अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए गए 459वां अभियान संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। सदस्यों ने कहा कि हम सभी ने स्वच्छता में अपना योगदान देना चाहिए। जब तक हर आदमी स्वच्छता में अपना योगदान नहीं देगा स्वच्छता नहीं रह सकती। इसलिए सभी ने हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालना चाहिए। डस्टबिन का प्रयोग करने से ही स्वच्छता रह सकती है।

## नायब सैनी के नेतृत्व में हो रहा विकास

- चार अप्रैल को सफीदों में होने वाली विकास रैली को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि नायब सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र के संतुलित और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सफीदों क्षेत्र को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा। सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के सहयोग से चार अप्रैल को होने वाली रैली न केवल सफल होगी बल्कि सफीदों को विकास की नई पहचान भी दिलाएगी और आने वाले समय में विकास में नया अध्याय जुड़ेगा। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम रविवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मुख्यमंत्री नायब सैनी की चार अप्रैल को होने वाली रैली का निमंत्रण देने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। विधायक रामकुमार गौतम ने यह भी कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और मांगों की एक व्यवस्थित सूची तैयार करें। इस सूची को रैली के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यह अवसर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। स मौके पर वन नेशन वन इलेक्शन के प्रदेश संयोजक विजय पाल सिंह एडवोकेट, पूर्व विधायक कली राम पटवारी, सुखदेव बुआना सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जींद। रैली को लेकर जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक रामकुमार गौतम। *फोटो: हरिभूमि*

## पांच अप्रैल की विकास रैली को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान

# विकास रैली में जींद को मिलेगी करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात : डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है और आने वाले समय में भी यह सिलसिला जारी रहेगा। मेडिकल कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट से क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा युवाओं के लिए रोजगार एवं शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे। इसके शुरू होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी और बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को पांच अप्रैल को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जींद में होने जा रही विकास रैली को लेकर जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। विकास नगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर ने कहा कि विकास रैली में जींद को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिलेंगी।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

### रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

बेहतर कनेक्टिविटी के कारण क्षेत्र में उद्योगों और निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए भाखड़ा का पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में भी कार्य किया गया है। जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा। वर्तमान में किए जा रहे विकास कार्य दीर्घकालिक हैं जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और भविष्य में भी विकास कार्यों की गति बनाए रखी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग बनाए रखें। इस अवसर पर पार्षद राममेहर, गुलशन रोहिल्ला, राधेश्याम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## एनआईआईएलएम विवि कैथल में सीएसआर प्रस्तावों पर कार्यशाला का सफल आयोजन

**कैथल** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल ने आज विभा वाणी इंडिया के सहयोग से सीएसआर प्रस्तावों पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सत्र में सीएसआर प्रस्ताव सत्यापन, राष्ट्रीय सम्मेलनः अभ्युदय 2026, ज्ञान साझाकरण, सदस्यता एवं कार्य योजना जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई तथा सार्थक सहभागिता को बढ़ावा मिला। कार्यशाला में एन. पी. राजीव, डॉ. रोशन लाल, पंकज ठाकुर और जाकिर हुसैन की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने अपने विचारों एवं अनुभवों से विद्यार्थियों को अवगत कराया और उन्हें समाजोपयोगी परियोजनाओं की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन राहुल नैन एवं प्राध्यापिका सपना द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### विशाल राणा बने हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश संयोजक

**राजौंद।** विशाल राणा को हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, राष्ट्रीय सोशल मीडिया चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, हरियाणा प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर कृष्ण राव सहित सभी नेताओं का धन्यवाद किया।

### कल्लर माजरा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**कैथल।** नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना चीका के प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार द्वारा गांव कल्लर माजरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इस दौरान पीएसआई संदीप कुमार ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया

**सीवन।** श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी कड़ी में स्वर्ग द्वार शिव मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परमहंस संत छविराम दास महाराज एवं मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश ने भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला।

### स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**उचाना।** स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में एनएसएस के छठे दिन की शुरुआत योगाभ्यास से की। स्वयंसेवक ने महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। मुख्य अतिथि रणपाल श्योकंद खंड शिक्षा अधिकारी रहे। रणपाल श्योकंद ने मोबाइल फोन का दुरुपयोग, महान शिक्षकों एवं समाज सुधारकों के योगदान बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### श्री बालाजी जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा 2 को

**कैथल।** श्री संकट मोचन श्री बालाजी पवन धाम पर श्री बालाजी जन्मोत्सव 2026 को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता धाम के मुख्य पुजारी हरविंदर ने की। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा की सुबह से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### बग्गी यात्रा की कैथल में भव्य स्वागत की तैयारी

**राजौंद।** शैलेंद्र पाई द्वारा निकाली जा रही बुग्गी यात्रा को सामाजिक स्तर पर व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस कड़ी में सुभाष बड़सीकरी ने भी यात्रा को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिस मुद्दे को शैलेंद्र पाई उठा रहे हैं, उस पर पिछले कई वर्षों से लगातार बैठकें होती रही हैं। इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात की जा चुकी है।

### पुंडरी में सुबह की चाय के साथ संगठन पर मंथन

**पूंडरी।** पुंडरी में आज सुबह एक आत्मीय और सकारात्मक माहौल में विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने कार्यकर्ता साथियों के साथ "चाय पर चर्चा" कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

---

वेतन व मांगों को लेकर सरकार पर उठाए सवाल

# सीपीएलओ की समस्याओं को लेकर पूंडरी में गरजे कंप्यूटर ऑपरेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ द्वारा विश्राम गृह पूंडरी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हल्का प्रधान कुलदीप सिंह बुच्ची ने की। बैठक में हल्का पूंडरी के सभी सीपीएलओ ने एकजुट होकर अपनी समस्याओं को लेकर सरकार के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की और जल्द समाधान की मांग उठाई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीपीएलओ को भर्ती हुए लगभग 2 वर्ष का समय बीत चुका है और इस दौरान उन्होंने पंचायत विभाग व क्रीड़ा विभाग दोनों में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है। इसके बावजूद स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है, क्योंकि 2 वर्षों में मुश्किल से तीन बार ही वेतन जारी हुआ है, जबकि कई कर्मचारियों को तो अब तक वेतन मिला ही नहीं है। उन्होंने बताया कि एलसीएलओ के रूप में कार्य कर रहे कई साथी बिना वेतन के ही दो वर्षों से कार्य कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ के फैसले को शीघ्र लागू किया जाए, ताकि कर्मचारियों को न्याय मिल सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो पूरे हरियाणा के सीपीएलओ भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले एक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सीपीएलओ विजय कुमार सांच ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान प्री और मुख्य परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें नेगेटिव मार्किंग जैसी कठिन शर्तें भी शामिल थीं। इन सभी चरणों को पार करने के बाद जब नियुक्ति पत्र मिला तो उसमें मात्र 6000 रुपये मासिक वेतन निर्धारित किया गया, जिसका विज्ञप्ति में कोई उल्लेख नहीं था। उन्होंने बताया कि ज्वाइनिंग के कुछ समय बाद ही सरकार द्वारा नई-नई शर्तें लागू कर दी गईं, जिससे कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है।

**बैठक में सीपीएलओ ने एकजुट होकर अपनी समस्याओं को लेकर जताई नाराजगी**



पूंडरी। बैठक के दौरान हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ सदस्य।

#### सरकार पर भेद-भाव का आरोप लगाया

सीपीएलओ सोहनलाल पाई ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि सरकार ने पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय किया है। उन्हें न्यूनतम वेतन से भी कम भुगतान किया जा रहा है और वह भी समय पर नहीं मिलता। प्रशिक्षण के दौरान भी मानसिक दबाव और अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ता है। अध्यक्ष ने बताया कि सीपीएलओ की 3 प्रमुख मांगें हैं, जिनमें हाईकोर्ट के फैसले को लागू करना, सभी लंबित वेतन का भुगतान करना शामिल हैं।



सीवन। बैठक के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी समस्याओं पर चर्चा करते हुए।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं पर मंथन, समाधान को लेकर उठी मांग

**सीवन।** सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को लेकर आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार से उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई। बैठक में नंदलाल रहेजा ने सबसे पहले अपने विचार रखते हुए कर्मचारियों की समस्याओं को सामने रखा। बैठक का संचालन बाबूराम गुप्ता ने किया और विभिन्न विषयों पर चर्चा को आगे बढ़ाया गया। एलटीसी से जुड़े प्रावधानों, वेतन वृद्धि तथा अन्य सुविधाओं को लेकर कर्मचारियों ने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलबाग सिंह पटवारी, लक्ष्मण कामरा ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। यह वर्ग समाज का अनुभवी और सम्मानित वर्ग है, जिसकी अनदेखी उचित नहीं है। दिलबाग सिंह पटवारी ने आश्वस्त किया कि वे इन मांगों को संबंधित स्तर तक पहुंचाकर समाधान का प्रयास करेंगे और कर्मचारियों के हितों की आवाज मजबूती से उठाते रहेंगे। इस अवसर पर ईश्वर सिंह, दलवीर सिंह, पूर्ण सिंह, विजय जैन, जगमोहन सिंह, इंदरजीत, गजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह आदि रहे।



कलायत। मुढाढ़ रियासत 360 से जुड़ी बड़ी चौपाल। फोटो: हरिभूमि

## कलायत में रियासत की बड़ी चौपाल के बदलेंगे दिन

- कार्यवाही को आगे बढ़ने में लगा नगर पालिका प्रशासन
- पार्षद प्रदीप राणा ने 12 जुलाई को कैथल में सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष उठाई थी महत्वपूर्ण मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत में मुढाढ रियासत के इतिहास से जुड़ी बड़ी चौपाल को जल्द आकर्षक पहचान मिलने जा रही है। नगर पालिका अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्यवाही शुरू की गई है। चौपाल की स्थिति एवं स्वरूप की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसको लेकर हर कोई उत्साहित है। इस महत्वपूर्ण मांग को वार्ड 6 से पार्षद प्रदीप राणा ने 12 जुलाई 2025 को कैथल में जन प्रतिनिधियों एवं आम लोगों से रूबरू होने पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष प्रमुखता से उठाया था। मुढाढ़ रियासत के मुख्यालय लाल चबूतरे से जुड़ी बड़ी चौपाल के विकास को लेकर सरकारी स्तर पर शुरू हुई कार्यवाही को पढक़र प्रदीप राणा व समाज के लोग उत्साहित हैं। उन्होंने इस दिशा में साथी पार्षदों द्वारा तय रूप रेखा, एकजुटता व आवाज उठाने की कुशल ढंग से प्रशंसा की। साथ ही सरकार द्वारा लिए गए संज्ञान का आभार जताया। भाजपा कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत व जिला सचिव अजय प्रताप राणा ने बताया कि बड़ी चौपाल के साथ-साथ वार्ड एक में गुरु रविदास सामुदायिक भवन, संविधान निर्माता डा.भीम राव अंबेडकर के नाम से भव्य पुस्तकालय, प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर भगवान विश्वकर्मा वाटिका में ई-लाइब्रेरी, वार्ड 12 में भगवान परशु राम सामुदायिक भवन के अधूरे निर्माण को पूरा करने का कार्य शामिल है।

#### मंत्री का आश्वासन

भाजपा समर्थित पार्षदों ने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी के दौरे के दौरान जो भी मांगें नगर पालिका जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई उस समय पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कुशल ढंग से विकास से जुड़े विषय की वकालत की। इस दिशा में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता हर इस प्रकार के विकास कार्यों को लेकर गंभीर हैं। परिणामस्वरूप क्षेत्र के लोगों में विकास की उम्मीदें जगी हैं। इस प्रकार सांझे प्रयासों से शहर में विकास की रफ्तार गति पकड़ती नजर आ रही है।

## बराबरी पर छूटी एक लाख की कुश्ती

- पुंडरीक तीर्थ पर कुश्ती दंगल का आयोजन, 1 लाख की कुश्ती रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी के प्रसिद्ध पुंडरीक तीर्थ पर पुंडरीक तीर्थ कुश्ती दंगल कमेटी द्वारा भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस ओपन दंगल में हरियाणा और पंजाब के नामी पहलवानों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा ने शिरकत की। दंगल का सबसे बड़ा आकर्षण 1 लाख रुपये इनाम की कुश्ती रही, जो पंजाब के चमकौर सिंह और हनुमान अखाड़ा के पहलवान धर्मेंद्र के बीच हुई। दोनों पहलवानों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला, जो अंततः बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके अलावा अनिल पहलवान चोरकारसा और लाडी के बीच भी कड़ा मुकाबला हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि कुछ वर्ष पहले पुंडरीक तीर्थ पर हर वर्ष कुश्ती दंगल का आयोजन होता था, लेकिन बीच में यह परंपरा बंद हो गई थी। इस अवसर पर नगरपालिका वाइस चेयरमैन रामप्रसाद, पार्षद प्रतिनिधि हिशम सिंह बुक्कल, पार्षद मुल्तान गोलन, प्रतिनिधि साहब सिंह आदि रहे।



पूंडरी। पहलवानों को सम्मानित करते हुए विधायक सतपाल जांबा।

## सरकार पर लगाया मजदूर विरोधी होने का आरोप

- अखिल भारतीय खेत मजदूर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अखिल भारतीय खेत मजदूर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन जिला कमेटी कैथल का दसवां जिला सम्मेलन जिला कार्यालय शहीद भगत सिंह भवन कैथल में संपन्न हुआ। सम्मेलन में आए हुए प्रतिनिधियों ने झंडारोहण करते हुए विधिवत्त शुरुआत के साथ शहीदों और दिवंगत साथियों को याद किया। जिला प्रधान विक्रम सिंह हुए वरिष्ठ सदस्य अमृत लाल सिंह ने झंडा रोहण किया अध्यक्ष मंडल में विक्रम सिंह पूनम देवी संचालन कमेटी में अमृतलाल रमेश कुमार उद्घाटन सत्र की शुरुआत की। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूरी यूनियन राज्य प्रधान जगमाल सिंह ने कहा आज देश और प्रदेश में खेत मजदूर और ग्रामीण मजदूरों के हालात बद से बत्तर होते जा रहे हैं। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने जन विरोधी नीतियों को तेजी से लागू कर रही है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने से खेती और संकट में हो गई मनरेगा कानून को बदल दिया जिसे ग्रामीण मजदूरों का 100 दिन का रोजगार गारंटी कानून खत्म हो गया।




कैथल। सम्मेलन में विचार विमर्श करते अखिल भारतीय खेत मजदूर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

#### नवीन कार्यकारिणी में ये हुए शामिल

जिला सचिव रमेश कुमार ने रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें प्रतिनिधियों ने सुझाव रखते हुए सर्वसहमति से पास किया। जिला सम्मेलन में 15 सदस्यों की जिला कमेटी का भी सर्व सहमति से चुनाव किया गया। इसमें प्रधान डॉक्टर विक्रम सिंह उप प्रधान चंद्रभान व सुनीता को चुना गया और जिला सचिव रमेश कुमार फर्श माजरा, सहसचिव पूनम देवी व अमृतलाल को चुना गया जिला। कमेटी सदस्य अजय डांड, राजेश खुराना, प्रेमचंद, रोशनी देवी आदि को शामिल किया गया।

## दीपांशु को मिला बेस्ट एथलीट का पुरस्कार

- महर्षि दयानंद जयंती पर 11वीं एथलेटिक्स मीट खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में द इंटरनेशनल रिलीफ ग्रुप (रजि.), कौल (कैथल) के तत्वावधान में 11वीं एथलेटिक्स मीट का आयोजन 29 मार्च को बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल के खेल मैदान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रातः 10 बजे हुआ तथा समापन समारोह दोपहर 2 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर पर शैली मुंजाल (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा कैथल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि हरियाणा रोडवेज के इंस्पेक्टर हवा सिंह डोर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीधि मोहन जिला सचिव, महिला मोर्चा भाजपा व भाग सिंह कौल भाजपा वरिष्ठ सदस्य, उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शैली मुंजाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि "खेल हमारे जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं।



ढांड। जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### बेटियों की भागेदारी को सराहा

विशिष्ट अतिथि नीधि मोहन ने अपने संबोधन में कहा कि "खेलों में बेटियों की भागीदारी बढ़ना बेहद सराहनीय है और ऐसे आयोजन उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।" समापन सत्र में मुख्य अतिथि कर्मबीर कौल ने कहा कि "खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का कार्य करती हैं। जिला परिषद की ओर से खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

## प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह सम्मानित

- गोल्ड लाइफ स्कूल के एमडी को 'बेस्ट एमडी ऑफ द ईयर' सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्ड लाइफ स्कूल के प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह को "बेस्ट एमडी ऑफ द ईयर" सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान इंडियन स्कूल अवॉर्ड्स द्वारा गुरुग्राम के एक पाँच सितारा होटल में आयोजित भव्य समारोह में देशभर के शिक्षाविदों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। गोल्ड लाइफ स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है।




राजौंद। गोल्ड लाइफ स्कूल के प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह को "बेस्ट एमडी ऑफ द ईयर" सम्मान से सम्मानित करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

#### गोल्ड लाइफ स्कूल छू रहा नए कीर्तिमान

गोल्ड लाइफ स्कूल कैथल जिले का ऐसा संस्थान बन चुका है, जिसे सबसे अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। विद्यालय ने बच्चों के लिए पूरी ट्रेन बुक कर शैक्षणिक यात्रा का आयोजन कर एक नया कीर्तिमान भी स्थापित किया है, जिसमें आधे से अधिक विद्यार्थियों को यह सुविधा निःशुल्क प्रदान की गई। विद्यालय में निशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाएं चलाई जाती हैं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

हिंदू मुस्लिम एकता की प्रतीक है दरगाह, दूर-दूर से चारदपोशी करने पहुंचते हैं अकीदतमंद

## बाबा शाह कमाल दयाल की दरगाह पर दूसरे देशों से पहुंचे कव्वाल

लगातार तीन दिन तक आयोजित होने वाले इस मेले में दरगाह पर चादर चढ़ाने की रस्म हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल में जवाहर पार्क स्थित बाबा शाह कमाल दयाल की दरगाह पर वार्षिक मेले का रविवार को दूसरा दिन रहा। हिंदू-मुस्लिम एकता की प्रतीक इस दरगाह पर हर धर्म के लोग दूसरे दन भी भरी संख्या में पहुंचे। वहीं देश के अलग-अलग स्थानों से कव्वाल भी अपनी कव्वालियों की प्रस्तुति देने के लिए पहुंचे। बता दें कि, यह वार्षिक मेला 30 मार्च तक चलेगा। लगातार तीन दिन तक आयोजित होने वाले इस मेले में दरगाह पर चादर चढ़ाने की रस्म हुई। रात को नौ बजे कव्वाली के कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी।दरगाह के गद्दीनशीन बाबा रजनीश शाह ने बताया कि बाबा शाह कमाल दयाल की दरगाह 400 साल से अधिक पुरानी है। यहां पर चादर चढ़ाने की रस्म के तहत पहली चादर बाबा शीतलपुरी डेरे से आती है। यह चादर चढ़ने के बाद ही मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं की तरफ से चादर चढ़ाने की रस्म अदा की जाती है।



कैथल। बाबा शाह कमाल लाल दयाल कादरी की दरगाह। फोटो: हरिभूमि

#### दरगाह का इतिहास

इतिहास के अनुसार हजरत बाबा शाह कमाल कादरी 429 वर्ष पूर्व बगदाद से कैथल आए थे। वे मुस्लिमों के पैगंबर हजरत गोसपाक महीउद्दीन की 11वीं पुश्त थे। उस समय दिल्ली पर औरंगजेब का शासन था। वह हिंदूओं को मुसलमान बनाने पर जोर दे रहा था और हिंदूओं को मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मजबूर करता था। बाबा शीतलपुरी धर्म परिवर्तन के खिलाफ थे। उन्होंने नवाबों की एक न चलने दी। नवाब दिल्ली पहुंचे और औरंगजेब से बातचीत की। औरंगजेब ने बाबा शीतलपुरी की शक्ति परीक्षण के लिए बगदाद से कमालशाह को कैथल भेजा। शाह कमाल शेर पर सवार होकर कैथल में शीतलपुरी से शास्त्रार्थ करने पहुंचे। उस समय बाबा शीतलपुरी एक दीवार पर दातुन कर रहे थे।




## द आर्यन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**कैथल।** द आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को नर्सरी से कक्षा 9वीं और 11वीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर पूरे स्कूल परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। घोषित परिणाम केवल अंकों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दर्शाते नजर आए। रिपोर्ट कार्ड में शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेल, कला, नवाचार और नैतिक मूल्यों में प्रगति को भी प्रमुखता दी गई। प्रधानाचार्या सपना सिंह ने इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त और भावनात्मक रूप से संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। परिणाम दिवस के दौरान अभिभावकों का उत्साह भी देखने लायक रहा।

## खबर संक्षेप

### 315 बोर देसी कट्टे के साथ नाबालिग काबू

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा कलायत क्षेत्र से एक नाबालिग को निरुद्ध कर लिया गया। जिसके कब्जे से 315 बोर देसी पिस्तौल तथा 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई कमलजीत सिंह की टीम रात्रिकालीन गस्त दौरान जम्मू कटरा नेशनल हाईवे अंडर ब्रिज चंडीगढ़ हिसार रोड कलायत क्षेत्र में मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की एक नौजवान लड़का पंजाब की तरफ से पैदल पैदल जम्मू कटरा नेशनल हाईवे कैथल की ओर वाहनों से लिफ्ट लेते हुए आ रहा है जिसके पास अवैध देशी पिस्तौल है।

### झगड़े में तीन घायल आठ लोगों पर केस दर्ज

**जींद।** गांव झमौला में हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव झमौला निवासी सागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ बाहर जा रहा था। उसी दौरान काला परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जब उसकी पत्नी ने बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। झगड़े की आवाज सुन कर उसकी मां आई तो आरोपितों ने उस पर भी हमला कर दिया। जिसमें तीनों को काफी चोटें आई। आसपास के लोगों ने उन्हें हमलावरों की चंगुल से छुडवाया। जुलाना थाना पुलिस ने सागर की शिकायत पर काला, आशीष, पंकज, उसकी पत्नी, मां, भजन, हितू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैस शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कैथल।** जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक वरिंदर सिंह ने बताया कि हरियाणा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार कैथल जिले में एलपीजी गैस से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह पहल उपभोक्ताओं को समयबद्ध और प्रभावी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कार्यालय में स्थापित यह कंट्रोल रूम प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से सायं 8:00 बजे तक कार्य करेगा। आम नागरिक गैस आपूर्ति, वितरण या अन्य किसी समस्या के समाधान के लिए 01746-224243 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### पैरोल पर आने के बाद नहीं लौटा, केस दर्ज

**कैथल।** थाना तितरम पुलिस ने जींद जेल से पैरोल पर आने के बाद आरोपी द्वारा पुनः प्रस्तुत न होने पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में जींद के जिला जेल अधीक्षक ने तितरम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव जाखौली का गुरमीत कईं मामलों में जिला जींद में बंद था। वह कुछ माह से पूर्व जेल से पैरोल पर घर आया था लेकिन इसके बाद वह वापिस घर नहीं लौटा। एसआई ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# तेज बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता, कई निचले इलाकों में जलभराव

- बारिश से नगर और आसपास के क्षेत्रों की गलियों में कीचड़
- जलभराव की स्थिति लोगों को हुई भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन


सीवन। सीवन नगर में चल रही बरसात के दौरान जमा पानी। *फोटो : हरिभूमि*

रविवार सुबह अचानक हुई मूसलाधार बारिश ने जहां मौसम को ठंडा कर दिया, वहीं किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरा दी हैं। तेज बारिश के चलते नगर और आसपास के क्षेत्रों की गलियों में कीचड़ फैल गया तथा निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। सुबह के समय शुरू हुई तेज बरसात ने कुछ ही देर में सड़कों और गलियों को पानी से लबालब कर दिया। कई स्थानों पर जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी जमा हो गया, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बारिश का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार खड़ी है और कटाई का कार्य शुरू होने ही वाला था। ऐसे में अचानक हुई बरसात से फसल के गिरने और दानों के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश लंबे समय तक जारी रही या दोबारा हुई, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। कुछ किसानों ने बताया कि खेतों में पानी भरने से फसल की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है।

**खास बातें**

- मौसम में आई ठंडक से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है
- किसानों के लिए यह राहत चिंता में बदल गई है
- स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है ताकि कीचड़ से राहत मिल सके

## हल्की बारिश और बूंदाबांदी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में रविवार सुबह कहीं हलकी तो कहीं तेज बारिश हुई। हालांकि बाद में धूप भी निकल आई। दिनभर आंशिक रूप से बादल छाए रहे और करीब तेज हवा चली। दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री रहा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह जो बारिश व बूंदाबांदी हुई है, उससे फसलों में कोई नुकसान नहीं है। आगामी दिनों में अगर वर्षा होती है और तेज हवा चलती है तो गेहूं की फसल में नुकसान होगा। जिले में दो लाख हेक्टेयर से ज्यादा में गेहूं की फसल है। मौसम विभाग के अनुसार एक अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहने, हलकी से मध्यम गति से हवाएं चलने और गरज व चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक अप्रैल से मंडियों में गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। हालांकि ज्यादातर गेहूं की कटाई किसान कंबाइन से ही करवाते हैं।

**बारिश से फसल को नुकसान का अनुमान**

आगामी दिनों में तेज हवा चलने और वर्षा की संभावना को देखते हुए किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। करीब दो सप्ताह पहले वर्षा के साथ तेज हवा चलने से काफी क्षेत्र में गेहूं की फसल गिर चुकी है। फसल गिरने से किसानों को उत्पादन भी घटने का अंदेशा है। जिला कृषि उप निदेशक डा. गिरिश नागपाल ने कहा कि मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान अपनी फसल की कटाई करें। फसल मंडी में ले जाते समय तिरपाल की भी व्यवस्था रखें ताकि वर्षा होने पर फसल भीगे नहीं। गेहूं की फसल पकने वाली है और जल्द ही कटाई शुरू हो जाएगी। रविवार सुबह जिले में बूंदाबांदी हुई है, इससे फसलों पर कोई असर नहीं है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में वर्षा की संभावना जताई है।

## सरकार द्वारा गेहूं खरीद में किए गए नए प्रावधानों को ध्यान में रखें किसान

# गेहूं खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए अब गेट पर नहीं, मंडी के अंदर ही होगी बायोमेट्रिक

किसानों की सुविधा के लिए मंडियों के गेट पर प्रवेश के समय न लगे भीड़, सीसीटीवी कैमरों सहित आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। डीसी अपराजिता गेहूं खरीद एजेंसी के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

गेहूं की खरीद के दौरान सरकार द्वारा किए गए प्रावधान के अनुसार इस बार किसानों की बायोमीट्रिक सहित कई नए प्रावधान किए गए हैं। किसान इन प्रावधानों के बारे में जानकारी जरूर रखें। बायोमीट्रिक मंडी के गेट पर नहीं बल्कि ढेरी की खरीद के समय होगी। एक किसान परिवार के तीन सदस्यों को बायोमीट्रिक के लिए अधिकृत कर सकता है, ताकि यदि किसान किसी कारणवश मंडी में नहीं पहुंच पाया तो उसके परिवार के सदस्य गेहूं की खरीद करवा सकें। अधिकारी गेहूं सीजन के लिए आवश्यक तैयारियों को गंभीरता से पूरा करें। यह सुनिश्चित करें कि गेहूं की खरीद पारदर्शी तरीके से हो और किसानों के लिए सुविधाजनक हो। गेहूं खरीद में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीसी अपराजिता शनिवार रात्रि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश स्तर पर गेहूं खरीद को लेकर की गई वीसी के बाद गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहीं थीं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के अधिकारियों को गेंहू खरीद में किसानों को किसी तरह की परेशानी न होने और पारदर्शी तरीके से खरीद किए जाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

**खरीद के मापदंड**

- मंडी के गेट पर सीसीटीवी कैमरे से होगी रीयल टाइम एंट्री की निगरानी। किसान की वाहन के साथ खिंचेगी फोटो
- खरीद के समय किसान की बायोमीट्रिक मशीन से की जाएगी उपस्थिति सुनिश्चित
- मंडी क्षेत्र की होगी जीओ फेंसिंग, ताकि मंडी के बाहर से गेटपास न कट सकें। निर्धारित एरिया के बाहर नहीं कटेंगे गेट पास।
- गेहूं खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए मंडी के निकासी के दौरान कटेगा गेटपास।

## फसल लेकर आने वाले ट्रैक्टर का खिंचेगा फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रबी फसल खरीद का कार्य लगभग शुरू हो चुका है। सरसों की खरीद चल रही है। जबकि गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी। फसल खरीद को लेकर कुछ बदलाव सरकार ने किए हैं ताकि किसानों तथा आढ़तियों को परेशानी का सामना न करना पड़े और खरीद को लेकर पारदर्शिता बनी रहे। अगर निर्धारित नियमों की पालना नही हुई तो फसल बेचने में दिक्कत आ सकती है। फसल खरीद के लिए जे फार्म का भरा जाना जरूरी है। पहले जे फार्म का आढ़ती के मौजूद न होने पर मुनीम भी भर देते थे। अब नए नियमों के तहत अनाज मंडी में जियो फैंसिंग को लागू कर दिया गया है। जिसके चलते जे फार्म काटने के दौरान खुद आढ़ती का मौजूद होना जरूरी है। बिना आढ़ती की मौजूदगी के जे फार्म नही कटेगा। मार्केट कमेटी सचिव संजीव जांगडा ने बताया कि फसल खरीद को लेकर कुछ नियमों में बदलाव किया गए हैं। ट्रैक्टर पर आरिजनल नंबर होना जरूरी है। गेट पास बायोमैट्रिक से होगा। फसल का वेट इलेक्ट्रिक मशीन से होगा। जे फार्म काटने के दौरान आढ़ती का मौजूद दोनों जरूरी हैं। किसान नियमों की पालना कर परेशानी से बच सकते हैं।

डीसी अपराजिता ने कहा कि इस बार गेहूं लेकर आने वाले किसानों का रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए कुछ नए प्रावधान किए हैं। जिसमें मंडी के प्रवेश द्वार पर गेट पास कटने के समय वाहन का फोटो होगा। यहां सीसीटीवी कैमरे में भी समय आधारित गेहूं लेकर आने वाले वाहन की रिकॉर्डिंग होगी। हरसेक से मिले डाटा के आधार पर किसान के खेत में फसल का गिरदावरी से मिलान करवाया जा रहा है। इसके बाद मंडी में गेहूं की ढेरी की खरीद के समय किसान का बायोमीट्रिक होगा। यदि किसान स्वयं नहीं है तो उसके द्वारा अधिकृत किए गए परिवार के तीन सदस्यों में कोई एक बायोमीट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करवा सकता है। इसके साथ-साथ मंडी के निर्धारित क्षेत्र की इस बार जीओ-फेंसिंग की गई है। इस निर्धारित एरिया के बाहर गेहूं की कोई खरीद नहीं होगी।

**ट्रैक्टर पर ओरिजनल नंबर प्लेट जरूरी**

अनाज मंडी में फसल बेचने आने वाले किसानों के ट्रैक्टर पर ओरिजनल नंबर प्लेट लगे होना जरूरी है। फसल लाने वाले ट्रैक्टर का गेट पर फोटो लिया जाएगा। अगर ट्रैक्टर पर ओरिजल नही है या नंबर नही लिखा है तो उसे अनाज मंडी में एंट्री नही दी जाएगी।

**अब केवल इलेक्ट्रिक मशीन से होगा वेट**

फसल को तोलने के किए तराजू तथा अन्य उपकरणों को सहारा लिया जाता था। अब केवल इलेक्ट्रिक मशीनो को प्रयोग किया जाएगा। पहले तराजू तथा अन्य उपकरणों तोल में हेर फेर आ जाता था। अब केवल इलेक्ट्रिक मशीन से ही फसल का वेट होगा।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, केस दर्ज

**कैथल।** तितरम के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक का शव सड़क किनारे मिला। मृतक युवक की पहचान यूपी के हजरत नगर निवासी मनवीर सिंह (27) के रूप में हुई है। राहगीरों ने घटना देख तुरंत डायल-112 व पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद तितरम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मनवीर सिंह पिछले कई वर्षों से कैथल में रह रहा था और चिनाई (मिस्त्री) का काम करता था। उसकी शादी हो चुकी थी और परिवार में पत्नी व एक बच्चा है।

### मारपीट में दस लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जींद।** गांव डिडवाड़ा में बस अड्डे पर टिक्की खाने गए युवक पर कहासुनी के चलते हमला करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डिडवाडा निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के बस अड्डे पर टिक्की खाने गया हुआ था। उसी दौरान विजय तथा उसके साथी वहां पर आ गए। किसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई। जिस पर विजय तथा उसके साथियों ने डंडों तथा बिंडों से हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने विजय, जगदीश, लाडू, उदय तथा उसके लड़के को नामजद कर पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## प्रदेश में गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की सप्लाई पूरी तरह से सामान्य : बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


जींद। मन की बात कार्यक्रम सुनते मंत्री बेदी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। जिससे किसी भी प्रकार की कमी या संकट की स्थिति उत्पन्न होने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार पूरी तरह से सतर्क है और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए हर स्तर पर निगरानी की जा रही है। कैबिनेट मंत्री रविवार को नरवाना के हरिनगर क्षेत्र की गली नंबर 5 में प्रताप सिंह धीमान के निवास पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम के 132 वां एपिसोड को स्थानीय लोगों के साथ सुना और उसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें आमजन के हितों को सर्वोपरि रखते हुए हर जरूरी कदम उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में अफवाहों से बचना बेहद जरूरी है। क्योंकि कई बार गलत सूचनाएं लोगों में भय और भ्रम की स्थिति पैदा कर देती हैं। ऐसे में सरकार की आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करना चाहिए।

### ज्वैलरी खरीदने पहुंची दो महिला ले उड़ी चांदी की पाजेब

**जींद।** जुलाना में ज्वैलर्स के यहां ज्वैलरी खरीदने आई दो महिलाओं ने दुकान से सौ ग्राम चांदी की पाजेब को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हथवाला निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जुलाना यूको बैंक के सामने ज्वैलरी की दुकान खोली हुई है। गत दिवस दोपहर को दो महिलाएं दुकान पर आई और सोना तथा ज्वैलरी दिखाने को कहा। काफी देर तक महिलाएं ज्वैलरी को देखती रही। आखिकार पंसद न आने की बात कह कर चली गई। जब उसने अपनी ज्वैलरी को संभाला तो चांदी की पाजेब गायब मिली। उसने दोनों महिलाओं को तलाशा भी किया लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

## रातभर चली सघन नाकाबंदी: 705 वाहनों की जांच, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल ।रात के समय वाहन चालकों के चालान करते पुलिस कर्मचारी

पुलिस द शनिवार रात्रि 11 बजे से सुबह 4 बजे तक विशेष अंतर-राज्य नाका चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान जिला के विभिन्न संवेदनशील स्थानों सहित पंजाब-हरियाणा सीमा पर विशेष नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान में करीब 150 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई, जिसमें डीएसपी स्तर के अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए टीमों का नेतृत्व किया। पुलिस की सक्रियता के चलते कुल 705 वाहनों की जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता भी मिली, जिसमें एक देसी कट्टा सहित जिंदा कारतूस एक नाबालिग को, सिलेंडर चोरी के एक आरोपी को एक बाइक सहित तथा दो शराब तस्करों को 35 बोतल शराब व 30 लीटर लाहण सहित पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते हुए कुल 18 चालान किए गए तथा जिसमें एक बुलेट बाइक का 34 हजार का चालान करके उसे को इंपाउंड किया गया।

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## किशनपुरा स्कूल में लाखो की ग्रांट के कथित घोटाले में, शिक्षा विभाग पर उठे गंभीर सवाल

- पूर्व सरपंच सतबीर सहित कई ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव किशनपुरा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सरकारी ग्रांट के उपयोग को लेकर भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं प्रशासनिक उदासीनता के गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच सतबीर सहित कई ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, हरियाणा सरकार द्वारा विद्यालय में मिट्टी भराई एवं मरम्मत कार्य हेतु लगभग 46 लाख रुपये की ग्रांट जारी की गई थी, जो विद्यालय मुखिया द्वारा बार-बार अनुरोध करके व बिना यू-डाईस को आधार बनाए बिना किए गए थे। जिसके बाद सरकार द्वारा ग्रांट स्वीकृत की गई। शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी बड़ी राशि मिलने के बावजूद कार्यों को सही तरीके से नही किया गया और विद्यालय मुखिया द्वारा कथित रूप से अनियमितताएं करते हुए भ्रष्टाचार करने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने कई बार मौखिक रूप से कार्य में सुधार करने का अनुरोध किया लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें भेजी गईं लेकिन लंबे समय तक कोई जांच शुरू नहीं की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की स्थिति जाननी चाही तो उनसे शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया। लगातार स्मरण पत्र भेजने के बाद 14 मई 2025 को विभागीय अधिकारियों की एक जांच टीम, जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, एक एसडीओ व जूनियर इंजीनियर ने विद्यालय का दौरा किया और ग्रामीणों व शिकायतकर्ता को 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया। हालांकि आजतक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

### मेडिकल कॉलेज में नागरिक अस्पताल के चिकित्सक कर रहे ओपीडी

# कैसे हो उपचार, 214 चिकित्सकों के स्थान पर सिर्फ चार

डायरेक्टर ने बताया कि अनुबंध आधार पर की जाएगी चिकित्सकों की भर्ती, प्रक्रिया हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


मेडिकल कालेज में ओपीडी के लिए आए मरीज।

गांव हैबतपुर में बनाए गए संत शिरोमणि धन्ना भगत राजकीय मेडिकल कालेज में 214 चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं। जबकि केवल चार ही चिकित्सक यहां काम कर रहे हैं। मेडिकल कालेज में ओपीडी नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों के सहारे चल रही है। अब अनुबंध आधार पर चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है। जल्द ही मेडिकल कालेज को चिकित्सक मिल जाएंगे और उसके बाद यहां ओपीडी की संख्या भी बढ़ेगी। फिलहाल मेडिकल कालेज में किसी प्रकार की जांच की भी सुविधा नहीं है। मरीजों को जांच के लिए नागरिक अस्पताल में ही आना पड़ता है।

**भर्ती प्रक्रिया शुरू, जल्द चिकित्सक मिलने की उम्मीद**

सरकार की तरफ से मेडिकल कालेजों में चिकित्सकों की अनुबंध आधार पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। मेडिकल कालेज में 210 चिकित्सकों के पद खाली हैं। इतनी संख्या में चिकित्सक अनुबंध आधार पर मिलना काफी मुश्किल है। यदि मेडिकल कालेज को इस भर्ती प्रक्रिया से 30 चिकित्सक भी मिल जाते हैं तो भी काफी आसानी हो जाएगी। मरीजों को यहां ओपीडी में इलाज मिलना शुरू हो जाएगा। फिलहाल केवल इसलिए यहां ओपीडी चलाई गई है ताकि एमबीबीएस सीट मिलने की कागजी कार्रवाई पूरी हो सके।

**जल्द मिलेंगी सुविधाएं : डा. राजीव महेंदरू**

मेडिकल कालेज के डायरेक्टर डा. राजीव महेंदरू ने बताया कि मेडिकल कालेज के शुरुआती चरण में कुछ परेशानियां तो होती हैं। जल्द ही यहां सभी प्रकार की सुविधाएं मिलने लगेंगी, उसके बाद यह मेडिकल कालेज जींद ही नहीं आसपास के जिलों के लिए भी एक बड़ी सौगात होगा। सरकार ने मेडिकल कालेजों के लिए चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया अनुबंध आधार पर शुरू कर दी है। जल्द ही मेडिकल कालेज को चिकित्सक मिल जाएंगी। फिलहाल उनके अपने चार चिकित्सक हैं, बाकी नागरिक अस्पताल से अलग.अलग दिन आते हैं और यहां ओपीडी करते हैं। जांच संबंधी सभी प्रकार की सुविधाएं जल्द शुरू हो जाएंगी।